# हमीरी कलां में मां-बेटे की हत्या, लहुलूहान हालत में मिले शव

**झुंझुनूं, (निसं)।** धनूरी थाना इलाके के हमीरी कलां गांव में बीती रात को घर के चौक में चारपाई पर सो रहे मां और बेटे पर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसके बाद सुबह बेटे की लाश मिली और मां गंभीर घायल अवस्था में मिली। जिसे झुंझुनूं से जयपुर रैफर किया गया। लेकिन झुंझुनूं से निकलते ही मां ने भी दम तोड़ दिया।

जानकारी के मुताबिक हमीरी कलां गांव निवासी मनफूल जांगिड़ की पत्नी माया और उसका छोटा बेटा अजय घर पर चारपाई पर बाहर सो रहे थे। बीती रात को अज्ञात लोगों ने दोनों को धारदार हथियार से कई जगहों से काट दिया। जिससे अजय की मौत हो गई और सुबह उसकी लाश मिली। वहीं मां माया देवी सुबह तक तड़पती रही। सुबह करीब 10-11 बजे पड़ौस की एक महिला जब छत पर गई तो उसने देखा तो दोनों मां-बेटे बेसुध पड़े थे और खून बिखरा हुआ था। इसके बाद परिजनों को और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल मां को पहले बीडीके अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद गंभीर हालत होने पर माया देवी को जयपुर रैफर किया गया।

लेकिन झुंझुनूं से निकलते ही माया देवी ने भी दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंचे एएसपी फूलचंद मीणा, डीएसपी हरिसिंह धायल, धनूरी एसएचओ रामनारायण आदि पहुंचे। जिन्होंने मौका मुआयना किया। वहीं एफएसएल टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए गए।



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई।

इस मामले में एएसपी फूलचंद मीणा ने बताया कि मामला हत्या का है। लेकिन अभी रिपोर्ट आने और जांच होने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

बताया जा रहा है कि मृतक अजय जांगिड़ पर पिछले दिनों मोबाइल चोरी का आरोप लग चुका है। वहीं गांव में हुए एक ई मित्र पर चोरी मामले में भी मृतक के साथ पूर्व में पुलिस ने पूछताछ की थी। इसी मामले में एक युवक का अजय जांगिड़ द्वारा नाम पुलिस को बताया गया था। जिससे भी अजय जांगिड़ को धमकियां मिल रही है। अजय जांगिड़ का एक बड़ा भाई दिनेश है। जो गाड़ी चलाता है। वहीं पिता मनफूल किसी दूसरे गांव में नौकरी करते हैं।

घटना के वक्त और अक्सर घर में मृतक अजय और उसकी मां ही रहा करते हैं। घटना की सूचना मिलने पर एसपी राजर्षि राज वर्मा ने भी मौका मुआयना किया। वहीं जल्द ही मामले का खुलासा करने की बात कही। इस मामले में मृतक के भाई दिनेश ने हत्या का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को राउंड अप किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

इस मामले में मृतक अजय के भाई दिनेश ने बताया कि तीन अगस्त को गांव के पवन ने एक व्हाट्स एप पर वॉयस मैसेज भेजकर कहा था कि यदि दोनों मां-बेटे उसके घर आ गए तो हाथ-पैर तोड़कर भेजेगा। ज्यादा मिलने की जल्दी हो तो घर आ जाना। वरना पांच-सात दिन में वह खुद आएगा। केस और धमकियों से नहीं डरता। केस एक लग गया है और दो और भी लग जाएंगे तो कोई दिक्कत नहीं। यह वॉयस मैसेज अजय ने अपने भाई दिनेश को भेजा। लेकिन दिनेश ने भाई अजय को समझाया कि वह घर रहे। कहीं नहीं जाना। इसके कारण ही परिवार के लोगों को पवन पर शक है।

मृतक अजय के ताउ राधेश्याम ने बताया कि मृतका माया के पूरे शरीर में हर जगह चाकू मारे हुए है। चाकू इस तरह मारे गए है कि जैसे मारने वाला भयंकर गुस्से में हो। बिना सोचे-समझे अननिगत चाकू मुंह से लेकर पैर तक मारे गए है। एक बार तो मुंह देखने से पता भी नहीं चलता कि मृतक माया ही है या फिर कोई और।

- **बीती रात को घर पर सो रहे मां और बेटे पर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से किया हमला**
- **घर में मां-बेटे दोनों ही रहते थे जो नशे के आदि थे**

इधर, जानकारी में सामने आया है कि घर में मां-बेटे दोनों ही रहते थे। जो नशे के आदि थे। मौके पर कुछ संदिग्ध दवाइयां भी मिली है। जो नशे के काम में ली जाती है। इसके अलावा जानकारी में यह भी सामने आया कि दिसंबर 2023 में मृतक माया बीडीके अस्पताल में मोबाइल चुराते हुए पकड़ी गई थी। लेकिन कोई केस दर्ज ना होने के कारण पुलिस ने उसे छोड़ दिया था।

परिवार के लोगों से बातचीत करने पर पता कि सात-आठ महीने पहले माया ने अपने पति मनफूल को बेटे अजय को साथ लेकर जमकर पीटा। उसे बांधकर पीटा। जिससे मनफूल परेशान होकर अपनी बहन के पास चला गया और वापिस ना आने की बोलकर गया। इसके बाद मनफूल आया भी नहीं। परिवार के लोग भी माया से परेशान थे। परिवार के एक व्यक्ति पर उसने दुष्कर्म का आरोप तक लगा दिया था। यही कारण रहा कि दोनों की हत्या के बाद भी परिवार के लोग गांव वालों के साथ ही घर में घुसे।

## पायलट के जन्मदिन पर लगाए गए पौधों की देखभाल की

**चूरू, (कासं)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री व आईसीसी के महासचिव सचिन पायलट की सोच का आमजन को स्वास्थ्य लाभ भी मिल रहा है। यह बात चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने बिनासर, श्यामपुरा, पोटी, छाजुसर आदि गांवों में जाकर पिछले साल सचिन पायलट के जन्म दिवस पर लगाए गए पेड़ पौधों की देखभाल करते हुए कही।

महनसरिया ने कहा कि पायलट के आव्हान पर उनके जन्म दिवस पर पूरे प्रदेश में लाखों पेड़ लगाए गए थे, जिससे हमारी धरती का सुंदर श्रंगार हुआ तथा छाया व फल देने वाले हरे भरे पेड़ों से आमजन को स्वास्थ्य लाभ भी मिल रहा है। महनसरिया ने कहा कि कोरोना के समय भी पायलट के आव्हान पर कार्यकर्ताओं ने अपना रक्तदान करके पूरे प्रदेश की सभी ब्लड बैंकें फुल करके जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराकर नया जीवन दिया था।

इस अवसर पर महनसरिया ने यह भी कहा कि सचिन पायलट आम आदमी के सच्चे हितैषी व हमदर्द हैं। इसी वजह से 2018 में 21 से 100 सीटें लाने में प्रदेश की जनता ने राहुल गांधी के नेतृत्व में सचिन पायलट को भरपूर सहयोग दिया था। 2022 में भी मुख्यमंत्री पायलट को बनाते तो 2023 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान में सरकार पायलट की व आम कार्यकर्ताओं की होती व 2024 के लोकसभा चुनाव में देश में राहुल गांधी की सरकार होती व देश में आज अमन चैन होता। इस अवसर पर असलम खोकर, अमर सिंह दनेवा, कृष्ण राम बाबल, भंवर लाल खीचड़ साहित अनेक जन मौजूद थे।

## सार-समाचार

### छात्रों ने ली तिरंगा लगाने की प्रतिज्ञा



**पिलानी, (निसं)।** कस्बे में मंगलवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 अगस्त 2024 के उपलक्ष्य पर हर-घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत नगर पालिका विद्या विहार क्षेत्र में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, टैगोर पब्लिक स्कूल और जमुना मिश्रा एकेडमी स्कूल पिलानी के विद्यार्थियों ने पालिका अध्यक्ष कमलेश रणवां के हरी झंडी दिखाने के साथ मैराथन दौड़ में भाग लिया। यह आयोजन देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने और स्वतंत्रता दिवस की उत्साह को फैलाने के लिए किया गया था। इस अवसर पर तीनों स्कूलों के विद्यार्थियों, अध्यापकों, पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण और पालिका के कार्मिकों ने हर घर तिरंगा लगाने की प्रतिज्ञा ली।

### रुद्राभिषेक कर भोले को रिझाया

**चूरू, (कासं)।** श्रावण मास में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत मंगलवार को चांदनी चौक स्थित धानुका भूतनाथ मंदिर में 37वां रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संतोष कुमार धानुका ने सपत्निक पूजा-अर्चना कर रुद्राभिषेक किया। पंडित हरि कृष्ण दाधीच के सानिध्य में हुये कार्यक्रम में 11 पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर भगवान शंकर को रिझाया। इस अवसर पर रंग-बिरंगे फूलों से मंदिर का भव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर भिखराज सिरसलेवाला, सांवरमल शर्मा, आदित्य कुमार शर्मा, राकेश कुमार सिरसलेवाला, गौरी शंकर शर्मा, राजेश कुमार, दीनदयाल शर्मा, राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में षहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### संगीतमय सुंदरकांड पाठ 15 को

**चूरू, (कासं)।** स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित शीतला मंदिर के पास गौशाला मार्ग पर चमत्कारी बालाजी मंदिर में संत हरिशरण महाराज की प्रेरणा से निकलने वाली नारायणहरि प्रभात फेरी के 5 वर्ष पूर्ण होने पर 15 अगस्त गुरुवार को शाम 7.30 बजे मंदिर प्रांगण में संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का भव्य आयोजन होगा। प्रभात फेरी के कैलाश चंद्र नवहाल ने बताया कि पाठ का वाचन पंडित जनार्दन आचार्य महाराज अपनी मधुर वाणी से करेंगे। इस मंदिर से सुबह 5.30 बजे प्रतिदिन भजन कीर्तन के साथ प्रभात फेरी निकाली जाती है।

## तिरंगा यात्रा निकाली

**चूरू, (कासं)।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में यूथ फॉर स्वराज ने जिला मुख्यालय पर इंद्रमणि पार्क से लेकर कलेक्ट्रेट सर्किल तक पैदल तिरंगा यात्रा निकाली।

संगठन के जिला संयोजक राजेश चौधरी ने बताया कि देश इस समय 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। इसी के उपलक्ष में आज हम यह तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं ताकि युवा अपने शहीदों को श्रद्धांजलि दे सकें। संगठन के योगेश कड़वासरा ने जिला मुख्यालय पर शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु एवं भारत माता की संयुक्त प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। इस अवसर पर यात्रा में शामिल सभी युवा देशभक्ति गानों पर झूमे और भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि नारे लगाए। यात्रा में राजेश चौधरी, नीतीश कड़वासरा, योगेश कड़वासरा, अमरचंद कड़वासरा, राहुल प्रजापत, सुभाष चंद्र गुर्जर, संदीप, योगेश सैनी, पंकज सैनी, रतन सैनी, राजूराम प्रजापत, धर्मेंद्र पूनिया, मनदीप, सुरेंद्र, विकास बैरास आदि उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मियों को धक्का देकर भागे दो आरोपी, पुलिस ने फायरिंग कर पकड़ा

- **पुलिस हत्या के मामले में आरोपियों को मौका तस्दीक करवाने के बाद वारदात में काम लिए गए हथियारों को जब्त करने के लिए ले गई थी**
- **महपालवास में युवक के मर्डर का मामला**

**झुंझुनूं/सूरजगढ़, (निसं)।** महपालवास गांव में अमित उर्फ अंकित की हत्या के आरोपियों ने पुलिस कस्टडी से भागने का प्रयास किया। पुलिस को भागते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन राउंड फायर करने पड़े।

जानकारी के मुताबिक अमित उर्फ अंकित की हत्या के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी कुशलपुरा निवासी रिंकू सिंह तथा उसके साथियों चिमा का बास निवासी दक्षित जाट, धींगड़िया निवासी सुमित राजपूत तथा चांदू सिंह की ढाणी तन जाखोद निवासी विकास खाती को सुलताना एसएचओ भजनाराम तथा सूरजगढ़ एसएचओ सुखदेव सिंह पुलिस जाब्ते के साथ मंगलवार को मौका तस्दीक करवाने के बाद वारदात में काम लिए गए हथियारों को जब्त करने के लिए कुलोठ खुर्द के जोहड़ में ले गई। जहां पुलिस ने हत्या में काम लिए गए दो देशी पिस्टल व तलवार के अलावा 16 जिंदा कारतूस बरामद किए और फिर चारों आरोपियों को वापिस सूरजगढ़ थाने ले जाने के लिए रवाना हुई। इस दौरान सबसे पहले आरोपी विकास ने सुलताना थाने के हैड कांस्टेबल राजकुमार से अपना हाथ छुड़वाया और भाग गया।

पुलिसकर्मी संभलते उससे पहले ही रिंकू सिंह ने भी सूरजगढ़ थाने के कांस्टेबल राजेश से हाथ छुड़वाया और भाग गया। दोनों भागते हुए आरोपियों के पीछे पुलिस टीमें रवाना हुई। भागते भागते विकास तो जोहड़ में ही बने गड्ढे में गिर गया। जिससे सुलताना एसएचओ भजनाराम ने पकड़ लिया। इस दौरान विकास के पैर में चोट लग गई। इधर, रिंकू सिंह के पीछे सूरजगढ़ एसएचओ सुखदेवसिंह थे। जिन्होंने दो बार ऐलानिया चेतानवी देते हुए रिंकू सिंह को रूकने के लिए कहा। लेकिन लगातार रिंकू सिंह भागता रहा फिर सुखदेव सिंह ने दो बार चेतावनी के साथ हवाई फायर किए। लेकिन इसका भी रिंकू सिंह पर कोई फर्क नहीं पड़ा। दो राउंड हवाई फायर करने के बाद सूरजगढ़ एसएचओ सुखदेवसिंह ने तीसरा राउंड फायर रिंकू सिंह के पैर पर किया। जिसकी गोली रिंकू सिंह के पैर में लगी और वह वहीं पर गिर गया जिसे पुलिस ने दबोच लिया। दोनों घायलों को सबसे पहले सूरजगढ़ सीएचसी लाया गया। जहां डॉ. नेत्रपालसिंह के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने ईलाज दिया। इसके बाद दोनों को झुंझुनूं रैफर किया गया। दोनों फिलहाल झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल में भर्ती है।

पुलिस रिमांड की चार दिन की समयावधि पूरी होने के कारण चारों आरोपियों को बुधवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा। सूरजगढ़ एसएचओ सुखदेवसिंह ने बताया कि इस घटना के बाद पूरी सुरक्षा और सतर्कता के साथ चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसके बाद कोर्ट के आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी।

राजर्षि राज वर्मा, एसपी, झुंझुनूं का कहना है ि पुलिस ने तीन राउंड फायर कर रिंकू सिंह को पकड़ा है। रिंकू सिंह और विकास पर अलग से मामला दर्ज किया गया है। दोनों घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

# कुश्ती प्रतियोगिता ढाकान में करवाने की मांग

**चूरू, (कासं)।** ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जिला स्तरीय विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता-14 वर्ष को शास्त्री पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय बास ढाकान में करवाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक के कार्यालय की ओर से जिला स्तरीय विद्यालयी खेल कूद प्रतियोगिता 14 वर्ष के आयोजन हेतु विद्यालय के चयन में भेदभाव और लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

मिली जानकारी के अनुसार शास्त्री पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय बास ढाकान की ओर से कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन करवाने के लिए सबसे पहले जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक चूरू के कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया गया था।

ग्रामीणों ने बताया कि इस विद्यालय में कुश्ती का राष्ट्रीय स्तर का मैदान होने के बावजूद भी इसे प्रतियोगिता आयोजित करने से वंचित कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मनापरसर सरदारशहर में कुश्तीए जूडो और जिम्नास्टिक सहित तीन प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्णय अव्यवहारिक और भेदभाव पैदा करने वाला है। इस एक ही विद्यालय को तीन प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करने का आदेश जारी किया जाना कुश्ती के लिए सबसे पहले आवेदन करने वाले शास्त्री पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय बास ढाकान के साथ सरासर अन्याय है।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक संतोष कुमार महर्षि को पहले ही अवगत करवाया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि कुश्ती प्रतियोगिता दूसरे समूह में 27 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित होनी है।

## घर से लापता व्यक्ति फांसी पर झूलते हुए मिला

**सादुलपुर, (निसं)।** मोटरसाइकिल लेकर बिना बताए घर से लापता व्यक्ति ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित सिद्धमुख पुलिया के पास एक खेत में मंगलवार सुबह पेड से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।

मृतक ने अपने खुद के तौलिए से फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त की है। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि हरियाणा के गांव बिधवांन निवासी जगवीर सिंह उम्र 39 वर्ष पारिवारिक कारणों के चलते सोमवार दोपहर को मोटरसाइकिल लेकर अपने घर से रवाना हुआ था। तथा अपनी मोटरसाइकिल को सीमा पर स्थित गांव झुंपा में किसी परिचित के पास खडी कर दी। और अपने मोबाइल फोन को बंद कर दिया। जिसके बाद वहां से किसी वाहन अथवा पैदल सिद्धमुख पुलिया के पास पहुंचा तथा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना अधिकारी झाझडिया ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया है। तथा मृतक की शिनाख्त जगवीर सिंह के रूप में की गई तथा परिवार जनों को सूचना देकर मौके पर बुलाया एवं मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई राजेन्द्र सिंह की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है।

# माकड़ो की संतोष के ब्रेन डेड होने के बाद अंगदान किये

## दोनों किडनियों व लिवर का प्रत्यारोपण के लिए अंगदान किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** माकड़ो निवासी संतोष पत्नी यादराम के ब्रेन डेड होने के बाद विश्व अंगदान दिवस पर अंगों का दान कर मानवता के लिए नई मिशाल पेश की है।

सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि 12 अगस्त को सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में ब्रेन डेड घोषित हो जाने के बाद संतोष आंगबाड़ी कायकर्ता के परिवारजन ने मानवहित के लिए अंगदान करने का पुनीत निर्णय लिया। जिसके फलस्वरूप उनकी दोनों किडनियों व लिवर का प्रत्यारोपण के लिए अंगदान किया गया।

जिससे तीन लोगों का जीवन बचाना संभव हो पाएगा। सीएमएचओ डॉ. डांगी ने बताया कि इस पुनीत कार्य के लिए जिला कलेक्टर चिन्मयी



संतोष।

गोपाल कृतज्ञता जाहिर करते हुए परिवार जनों की सराहना की और सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी व सिंघाना बीडीओ दारासिंह को प्रशस्ति पत्र के साथ संतोष के घर भेजकर

- **विश्व अंगदान दिवस पर अंगदान कर संतोष बनी प्रेरणा स्त्रोत**
- **अंगदान के लिए संतोष के बेटे पंकज और परिवार जनों को सराहा**

अंगदान के लिए संतोष के बेटे पंकज और परिवार जनों को सराहा। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने संतोष के अंतिम संस्कार में शामिल होकर उनके द्वारा किए गए अंगदान को प्रेरणादायी और नई मिशाल पेश की है। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

ग्रामीणों ने बताया कि संतोष संविदा पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थी। वो मेहनती व ईमानदार कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवा देती थी। चार अगस्त को ततीजा में बाइक पर जाते हुए साड़ी का पल्लू बाइक के टायर में फंस जाने से सिर के बल सड़क पर गिरने से सिर में लगी चोट के बाद बीडीके अस्पताल झुंझुनूं और जयपुर में उपचाराधीन रही। वहीं 12 अगस्त को एसएमएस अस्पताल में ब्रेन डेड होने पर एसएमएस अस्पताल की डॉक्टर्स की टीम ने संतोष के परिवारजनों को अंगदान का महत्व बताया। जिसके बाद संतोष के परिवार जनों की सहमति से अंगदान कर तीन लोगों के जीवन बचाने की राह बनाई। जिसके बाद इस फैसले को प्रशासन और आमजनों ने खूब सराहा।

## मातृशक्ति द्वारा वृक्षारोपण किया

**चूरू, (कासं)।** स्थानीय अग्रसेन कॉलोनी स्थित ए ब्लॉक पार्क में मंगलवार को मातृशक्ति द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रसेन समग्र विकास समिति के अध्यक्ष मदनलाल राजपुरोहित ने छायादार वृक्ष लगाकर किया। अध्यक्ष राजपुरोहित ने बताया कि कॉलोनी को हरा भरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उसी के अनुरूप यह वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा है।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद चूरू के अध्यक्ष मोहन लाल शर्मा ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। प्रमोद कुमार शर्मा, धर्मपाल सिंह, विक्रम सिंह शेखावत, सज्जन लाटा, ओम प्रकाश इंदौरिया, ओम प्रकाश तंवर, हुकमीचंद गौड़, एडवोकेट कपिल पारीक सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पौधे लगाए। प्रोफेसर महावीर सिंह यादव पब्लिक वेलफेयर समिति चूरू एवं विधि सत्संग चूरू द्वारा इस पार्क में तारबंदी कराई गई। गर्भ शिशु संस्थान के महेंद्र कश्यप ने परिवार के प्रत्येक सदस्य को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। भारत विकास परिषद की प्रेरणा से संतोष गोयल ने वृक्षों की सुरक्षा हेतु 10 ट्रिगार्ड पार्क में उपलब्ध कराए।


## कार्यालय नगरपरिशद सुजानगढ़ (चुरू) राजस्थान

कमांक :- न.प.सु./भूमि भाखा/2024/2604 दिनांक :- 08.08.2024

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण की सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के संबध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क. सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | ख.न. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय/व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सोनू देवी (सुनीता) पत्नी श्री श्याम सुन्दर सोनी | सुजानगढ़ | 2000/1200 | 181.36 | आवासीय |
| 2 | श्री जाकिर हुसैन अगवान पुत्र श्री अब्दुल रजाक | सुजानगढ़ | 1366 | 111.52 | आवासीय |
| 3 | श्रीमती रजिया पत्नी श्री मईनुदीन पड़िहार | सुजानगढ़ | 1369 व 1371 | 108.87 | आवासीय |
| 4 | साजिद अगवान पुत्र मोहम्मद रजाक अगवान | सुजानगढ़ | 1366 | 118.94 | आवासीय |
| 5 | श्री ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री मूलचंद सैनी | सुजानगढ़ | 673 | 234.76 | आवासीय |
| 6 | मोहम्मद सलीम पुत्र अब्दुल रहमान | सुजानगढ़ | वार्ड न. 7 | 318.33 | आवासीय |
| 7 | रमेश भार्गव पुत्र उदय चन्द | सुजानगढ़ | 3,5,7 | 187.05 | आवासीय |
| 8 | श्रीमती नन्दा शर्मा पत्नी श्री मोहनलाल शास्त्री | सुजानगढ़ | 1495 | 149.75 | आवासीय |
| 9 | राजाराम पुत्र उदाराम | सुजानगढ़ | 1385 | 1569.06 | आवासीय |
| 10 | मोहम्मद आमीर अगवान पुत्र मोहम्मद रज्जाक अगवान | सुजानगढ़ | 1366 | 164.49 | आवासीय |
| 11 | खालिद हुसैन पुत्र मोहम्मद सलीम | सुजानगढ़ | वार्ड न. 7 | 289.17 | आवासीय |
| 12 | अनिल टाक पुत्र गोपाल टाक | सुजानगढ़ | 1157 | 114.26 | आवासीय |
| 13 | सबाना पुत्री मइनुदीन पडि.यार | सुजानगढ़ | 1347 | 104.27 | आवासीय |
| 14 | श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री सत्यनारायण | सुजानगढ़ | 1167 | 150.67 | आवासीय |
| 15 | श्री गिरधारीलाल शर्मा पुत्र चौथमल शर्मा | सुजानगढ़ | 109 | 245 | व्यावसायिक |
| 16 | श्री रामलाल पुत्र श्री बंशीलाल माली | सुजानगढ़ | 1240 | 581.28 | आवासीय |
| 17 | असलम पुत्र शमशुदीन | सुजानगढ़ | 1367 | 67.37 | आवासीय |
| 18 | श्री भंवरलाल शर्मा पुत्र श्री बिरदीचंद व पवन कुमार माटोलिया पुत्र भंवरलाल शर्मा | सुजानगढ़ | 109 | 258.63 | आवासीय |
| 19 | श्री दिलीप भार्गव पुत्र उदयचंद | सुजानगढ़ | 3,5,7 | 148.55 | आवासीय |
| 20 | मो. फारूक पुत्र मो. हुसैन | सुजानगढ़ | 1367 | 156.13 | आवासीय |
| 21 | साजिद अगवान पुत्र मोहम्मद रजाक अगवान | सुजानगढ़ | 1329-1331 | 289.43 | आवासीय |
| 22 | श्री मोहनलाल शास्त्री पुत्र स्व. कैशर देव | सुजानगढ़ | 1494 | 209.02 | आवासीय |
| 23 | अब्दुल कद्दूस भाटी व फकरूदीन अशरफ भाटी पुत्र मोहम्म्द भाटी | सुजानगढ़ | 1402 | 100.37 | मिश्रित |
| 24 | श्री मोहनलाल पुत्र पूर्णाराम जाट | सुजानगढ़ | 785 | 265.85 | आवासीय |
| 25 | श्री लालचन्द पुत्र हीरालाल प्रजापत | सुजानगढ़ | 1484 | 60.88 | आवासीय |
| 26 | श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ पुत्र जगमाल सिंह राठौड़ व सदा कंवर पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ | सुजानगढ़ | 533/221 | 313.11 | आवासीय |
| 27 | श्री कमलेश चौहान पुत्र श्री ओम प्रकाश चौहान | सुजानगढ़ | 689 | 509.15 | आवासीय |
| 28 | श्री पवन कुमार शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा | सुजानगढ़ | 1468 | 330.26 | आवासीय |
| 29 | श्रीमती सरिता देवी पत्नी श्री पवन कुमार शर्मा | सुजानगढ़ | 1468 | 225.75 | आवासीय |
| 30 | श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री मानसिंह | सुजानगढ़ | 1456 | 102.12 | आवासीय |
| 31 | मोहम्मद आरिफ पुत्र गुलाम रसूल | सुजानगढ़ | 1352-1353 | 185.87 | आवासीय |
| 32 | मेहबूब अब्दुल कादीर अगवान पुत्र श्री अब्दुल कादीर अगवान | सुजानगढ़ | 1402 | 379.53 | आवासीय |
| 33 | रिजवान अली खीची पुत्र श्री अब्दुल रहीम खीची | सुजानगढ़ | 1402 | 190.62 | आवासीय |
| 34 | मो.अयान अली खीची पुत्र अब्दुल करीम खीची | सुजानगढ़ | 1402 | 191.66 | आवासीय |
| 35 | खातून पत्नी श्री मोहम्मद सबिर | सुजानगढ़ | 1362,1363 | 160.73 | आवासीय |
| 36 | आस्मिन पत्नी श्री सरफराज बड़गुजर | सुजानगढ़ | 1379 | 391.79 | आवासीय |
| 37 | मोहम्मद फारूक पुत्र अब्दुल करीम | सुजानगढ़ | 1364 | 67.70 | आवासीय |
| 38 | मोहम्मद साबीर पुत्र श्री अब्दुल रहमान | सुजानगढ़ | 1400 | 203.81 | आवासीय |
| 39 | रूकसाना पत्नी मो. जावेद खीची | सुजानगढ़ | 1364 | 140.79 | आवासीय |
| 40 | रोशनी पत्नी श्री इलियास | सुजानगढ़ | 1419 | 65.69 | आवासीय |
| 41 | हुसैना पत्नी श्री सदिक | सुजानगढ़ | 1419 | 55.58 | आवासीय |
| 42 | श्रीमती नूरजंहा पत्नी श्री मोहम्मद रफीक बड़गुजर | सुजानगढ़ | 1361 | 229.63 | आवासीय |
| 43 | मोहम्मद रफीक पुत्र श्री अहमद हुसैन बडगुजर | सुजानगढ़ | 1436 | 206.93 | आवासीय |
| 44 | मोहम्मद इलियास दइया पुत्र श्री मोहम्मद उसमान | सुजानगढ़ | 1419 | 73.77 | आवासीय |
| 45 | असलम पुत्र अ. गनी | सुजानगढ़ | 1364 | 85.33 | आवासीय |
| 46 | साजीद अली काजी पुत्र श्री गुलाम सरवर | सुजानगढ़ | वार्ड न. 10 | 332.82 | आवासीय |
| 47 | श्रीमती रूकसाना पत्नी श्री समीर बडगुजर | सुजानगढ़ | 1379 | 394.15 | आवासीय |
| 48 | नगमा बड़गुजर पत्नी श्री मोहम्मद सुल्तान बडगुजर | सुजानगढ़ | 1379 | 394.66 | आवासीय |
| 49 | श्री नब्बू खां पुत्र श्री हुसैन खां | सुजानगढ़ | 1441 | 358.99 | आवासीय |
| 50 | रिशभ पंवार पुत्र श्री दौलत राम पंवार | सुजानगढ़ | 1481 | 317.43 | आवासीय |
| 51 | श्री प्रतीक बगड़िया पुत्र सत्यनारायण | सुजानगढ़ | 222 | 390.18 | आवासीय |
| 52 | जयेश बंसल पुत्र श्री सुनील कुमार अग्रवाल | सुजानगढ़ | 222 | 325.15 | आवासीय |
| 53 | श्री रोहित बंसल पुत्र श्री विनोद कुमार अग्रवाल | सुजानगढ़ | 222 | 325.15 | आवासीय |
| 54 | जयविन घोटिया पुत्र श्री रामनिवास घोटिया | सुजानगढ़ | 1176 | 69.25 | मिश्रितृ |
| 55 | नौशादा बानू पत्नी श्री अख्तर हुसैन तगाला | सुजानगढ़ | 1355 | 278.61 | मिश्रित |
| 56 | मो. अली पुत्र श्री मैदनुदीन | सुजानगढ़ | 1402 | 287.85 | व्यावसायिक |
| 57 | महबूबा पत्नी श्री मो. हारूण | सुजानगढ़ | 1402 | 261.97 | व्यावसायिक |
| 58 | परवीना पत्नी श्री मो.अली | सुजानगढ़ | 1402 | 248.02 | व्यावसायिक |
| 59 | शाहरूख पुत्र श्री मो. अली | सुजानगढ़ | 1402 | 253'96 | व्यावसायिक |
| 60 | श्रीमती निर्मला पत्नी श्री रामनिवास स्वामी | सुजानगढ़ | 553 | 278.70 | आवासीय |
| 61 | श्रीमती निर्मला पत्नी श्री रामनिवास स्वामी | सुजानगढ़ | 1119 | 191.22 | आवासीय |
| 62 | श्रीमती नैनी देवी पत्नी श्री पिथाराम प्रजापत | सुजानगढ़ | 967 | 185.80 | आवासीय |
| 63 | नंदू कंवर पत्नी श्री बजरंग सिंह राजपूत | सुजानगढ़ | 1224 | 83.74 | आवासीय |
| 64 | श्रीमती निर्मला पत्नी श्री रामनिवास स्वामी | सुजानगढ़ | 553 | 115.66 | आवासीय |
| 65 | शिवराज सिंह पुत्र श्री रवन्त सिंह | सुजानगढ़ | 1113 | 147.71 | आवासीय |
| 66 | श्री रामचंद्र टेलर पुत्र श्री भंवरलाल टेलर | सुजानगढ़ | 2016/1956 | 237.58 | आवासीय |
| 67 | श्री चन्द्रप्रकाश ढीढारीया पुत्र गणेशाराम जाट | सुजानगढ़ | 427/224 | 390.18 | आवासीय |
| 68 | गौतम तुनवाल पुत्र भारत भूषण तूनवाल | सुजानगढ़ | 106 | 480.29 | व्यावसायिक |
| 69 | श्रीमती निर्मला पत्नी श्री रामनिवास स्वामी | सुजानगढ़ | 553 | 109.62 | आवासीय |
| 70 | श्री भवंरलाल प्रजापत पुत्र श्री तुलसीराम | सुजानगढ़ | 106 | 522.19 | व्यावसायिक |
| 71 | श्री भारत भूषण प्रजापत पुत्र श्री भंवरलाल प्रजापत | सुजानगढ़ | 106 | 565.43 | व्यावसायिक |
| 72 | श्रीमती नितीका ठोलिया पुत्री जीवन सिंह | सुजानगढ़ | 1502 | 176.88 | आवासीय |
| 73 | कैशराराम उर्फ कालूराम पुत्र श्री कानाराम जाट | सुजानगढ़ | 549 | 333.04 | आवासीय |
| 74 | रणवीर सिंह पुत्र श्री औमसिंह राठौड़ | सुजानगढ़ | 1469 | 283.92 | व्यावसायिक |
| 75 | सुशीला खिलेरी पत्नी श्री नैन विकास जाट | सुजानगढ़ | 564 | 362.81 | आवासीय |
| 76 | श्री दिलीप कुमार स्वामी पुत्र श्री भगवानदास स्वामी | सुजानगढ़ | 523/515 | 490.62 | आवासीय |
| 77 | श्री विजय कुमार पुत्र सागर मल | सुजानगढ़ | 116/122 | 613.13 | आवासीय |
| 78 | मेहबूब अली पुत्र श्री नबी बक्स | सुजानगढ़ | 1367 | 196.79 | आवासीय |
| 79 | शमीम पत्नी श्री रोशन | सुजानगढ़ | 1364 | 96.09 | आवासीय |
| 80 | लक्ष्मण राम पुत्र पोकर राम | सुजानगढ़ | 1651 | 215.31 | आवासीय |
| 81 | जाकिर हुसैन अगवान पुत्र श्री अब्दुल रजाक | सुजानगढ़ | 1366 | 186.05 | आवासीय |
| 82 | राकेश कुमार पुत्र श्री रामदेव सैनी | सुजानगढ़ | 1246 | 349.32 | आवासीय |
| 83 | तारा पत्नी श्री शिवभगवान | सुजानगढ़ | 1600 | 55.79 | आवासीय |
| 84 | शारदा देवी पत्नी श्री राजीव कुमार उर्फ राजकुमार जाति चोटिया | सुजानगढ़ | 1222 | 594.55 | आवासीय |

राज.संवाद/सी/24/3726 आयुक्त